## एक नजर में

### जिला जेल में ली गई अहम बैठक

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। मानव अधिकारों के संरक्षण और समाज के हर वर्ग तक बुनियादी सुविधाएं पहुंचाने के उद्देश्य से मध्य प्रदेश मानव अधिकार आयोग के माननीय अध्यक्ष डॉ अवधेश प्रताप सिंह जी ने जिले का सघन दौरा किया। उन्होंने जिला जेल और जिला अस्पताल का बारीकी से निरीक्षण कर यह साबित कर दिया कि आयोग केवल कागजों पर काम नहीं करता, बल्कि जमीनी स्तर पर जाकर व्यवस्थाओं में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए कटिबद्ध है। असपताल के सिविल अधीक्षक व सिविल सर्जन को मरीज़ों के लिए दवाओं की सतत उपलब्धता एवं विशेषकर महिला वार्ड आदि में सफ़ाई व्यवस्था सुनिश्चित रखने के निर्देश दिये।**

निरीक्षण की शुरुआत में माननीय अध्यक्ष महोदय ने जिला जेल का दौरा किया। एक सजग प्रशासक की तरह उन्होंने परिसर, बैरक, किचन, शौचालय की साफ-सफ़ाई, शुद्ध पेयजल और सुरक्षा व्यवस्था का गहन जायजा लिया। इस दौरान उनका सबसे मानवीय और संवेदनशील रूप तब देखने को मिला, जब उन्होंने कैदियों से रूबरू होकर सीधा संवाद किया। एक अभिभावक की तरह कैदियों का मार्गदर्शन करते हुए अध्यक्ष महोदय ने कहा इंसान से जाने-अनजाने में गलतियां हो जाती है।

# कोल्ड्रिंक के ठिकानों पर पहुंचा जांच दल

**कोल्ड्रिंक के सैम्पल लेकर जांच के लिए भेजे**

**नवभारत की खबर पर जागा प्रशासनिक अमला**

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। कोल्ड्रिंग के नाम पर परोसे जा रहे दूषित पेय की शिकायतें सामने आने के बाद प्रशासनिक अमले ने आज कई गोदामों पर दबिश दी और फिर सैम्पल लेकर जांच के लिए भेजे।**



## कोल्ड्रिंग के नाम पर परोसा जा रहा नकली पेय पदार्थ

**स्थानीय लोगों ने उठाई कार्यवाही की मांग**

**अमानक पेय पदार्थों से बिगड़ रहा बच्चों का स्वास्थ्य**

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। इन दिनों गर्मी के मौसम में शहर के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में नकली पेय पदार्थों की बिक्री जोरो पर चल रही है। अमानक पेय पदार्थ लोगों की सेहत से खिलवाड़ कर रहे है। जिससे बच्चों को इसके सेवन करने से बीमारी का शिकार होना पड़ रहा है। लोगों ने संबंधित विभाग के आला अधिकारियों से इस दिशा में ठोस कदम उठाए जाने की मांग की है। जिससे लोगों की सैहत पर इसका विपरीत असर ना पड़ सके।**

दरअसल शहर के एक दर्जन से अधिक स्थानों पर नकली पेय पदार्थों के भंडारण के गोदाम बनाए गए है। जिनमें रोजना बड़े-बड़े ट्रकों से अमानक पेय पदार्थों के कार्टून एवं बोरियां उतरती हुई आसानी से देखी जा सकती है। यह गोदाम शहर के शक्ति टांकीज मार्ग पर सबसे ज्यादा संचालित हो रहे है। इसके अलावा बड़े तालाब के पास विधायक निवास के पीछे एवं निजी मकान को किराए पर लेकर व्यापारी द्वारा भारी मात्रा में नकली पेय पदार्थ का भंडारण गौदाम में किया गया है। यह व्यापारी खुले आम नकली पेय पदार्थों की बिक्री थोक के भाव देकर ग्रामीण अंचलों के छोटे दुकानदारों को बेंच रहे है। इसके बाद यह ग्रामीण अंचल के दुकानदार छोटे-छोटे बच्चों को नकली पेय पदार्थ बेचकर उनकी सेहत से खिलवाड़ कर उनकी जान जोखिम में डाल रहे है। इसके अलावा ढोंगा मार्ग, बानपुर मार्ग स्थित मुक्तिधाम के पास से अनेक गोदामों का संचालन किया जा रहा है। साथ ही शहर के मुख्य बाजार नजाई मंडी के आगे शिवम टांकीज के ठीक पीछे बने मार्केट में नकली पेय पदार्थो के अलावा विभिन्न प्रकार के नकली आईटम दिन दहाड़े थोक के भाव में दुकानदारों द्वारा बेचे जा रहे है।

इनमें से अधिकांश सामाग्री बच्चों के सेवन करने बाली बेची जा रही है। लोगों ने उक्त दुकानों को चेक करने की मांग जिले के अधिकारियों से की है। जिससे इस नकली कारोबार पर अंकुश लग सके इन दिनों गर्मी के मौसम में शहर के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में नकली पेय पदार्थो की बिक्री जोरो पर चल रही है। अमानक पेय पदार्थ लोगों की सैहत से खिलवाड़ कर रहे है। जिससे बच्चों को इसके सेवन करने से बीमारी का शिकार होना पड़ रहा है। लोगों ने संबंधित विभाग के आला अधिकारियों से इस दिशा में ठोस कदम उठाए जाने की मांग की है। जिससे लोगों की सैहत पर इसका विपरीत असर ना पड़ सके।

**जांच कराकर होगी आगे की कार्यवाही**

जब इस संबंध में टीकमगढ तहसीलदार सत्येन्द्र सिंह गुर्जर से बात की तो उन्होंने कहा कि नकली पेय पदार्थ बेचे जाने की जानकारी आपके माध्यम से मुझे मिली है। इस कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए प्रयास किया जाएगा। शिकायत मिलते ही संबंधित ठिकानों की जांच कराकर आगे की कार्यवाही को अंजाम दिया जाएगा जिससे यह कारोबार पूर्ण रूप से प्रतिबंधित हो सके। इसके लिए बरिष्ठ अधिकारियों का मार्गदर्शन लेकर एक टीम के साथ उक्त स्थानों का भ्रमण कर सबसे पहले जांच कराई जाएगी।

**इन मार्ग पर बाने है गोदाम**

इसके अलावा ढोंगा मार्ग, बानपुर मार्ग स्थित मुक्तिधाम के पास से अनेक गोदामों का संचालन किया जा रहा है। साथ ही शहर के मुख्य बाजार नजाई मंडी के आगे शिवम टांकीज के ठीक पीछे बने मार्केट में नकली पेय पदार्थो के अलावा विभिन्न प्रकार के नकली आईटम दिन दहाड़े थोक के भाव में दुकानदारों द्वारा बेचे जा रहे है। इनमें से अधिकांश सामाग्री बच्चों के सेवन करने बाली बेची जा रही है। लोगों ने उक्त दुकानों को चेक करने की मांग जिले के अधिकारियों से की है जिससे इस नकली कारोबार पर अंकुश लग सके। इन दिनों गर्मी के मौसम में शहर के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में नकली पेय पदार्थो की बिक्री जोरो पर चल रही है। अमानक पेय पदार्थ लोगों की सैहत से खिलवाड़ कर रहे है। जिससे बच्चों को इसके सेवन करने से बीमारी का शिकार होना पड़ रहा है। लोगों ने संबंधित विभाग के आला अधिकारियों से इस दिशा में ठोस कदम उठाने की मांग की है।



दरअसल पूरे मामले को लेकर बीते दिवस 11 मार्च को नवभारत ने इस विषय को लेकर एक विस्तृत रिपोर्ट का प्रकाशन किया था। इसमें नवभारत ने लोगों से मिल रही जानकारी के अनुसार शंका जताई थी कि दूषित पेय पदार्थ बाजार में बेचे जा रहे हैं। इसी को लेकर टीकमगढ़ कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने अपने अधिनस्थों को मामले को गंभीरता से लेने के निर्देश दिए। जिसके बाद तहसीलदार सत्येन्द्र सिंह गुर्जर ने एक टीम गठित कर कोल्ड्रिंग के गोदामों की जांच कराई। जांच टीम ने बताया कि तमाम तरह की कोल्ड्रिंग गोदामों पर मिली हैं, जिनके सैम्पल लेकर अब जांच के लिए भेजे जा रहे हैं। जांच सामने आने के बाद आगे की कार्यवाही को अंजाम दिया जाएगा।

लोगों का मानना है कि प्रशासनिक अमले को समय-समय पर ऐसाी कार्यवाहियां करनी चाहिए, जिससे बच्चों को दूषित पेय न परोसा जाए, क्योंकि ऐसे दोषित पेय का सेवन करने से बच्चों की सेहत पर अच्छा-खासा असर पड़ता है।

ज्ञात रहे कि अमानक पेय पदार्थ लोगों की सैहत से खिलवाड़ कर रहे है। जिससे बच्चों को इसके सेवन करने से बीमारी का शिकार होना पड़ रहा है। लोगों ने संबंधित विभाग के आला अधिकारियों से इस दिशा में ठोस कदम उठाए जाने की मांग की है। जिससे लोगों की सैहत पर इसका विपरीत असर न पड़ सके। इसी शिकायत पर अधिकारियों ने गंभीरता दिखाते हुए जांच शुरू करा दी है।

### इन क्षेत्रों में पहुंचा जांच दल

खाद्य एवं राजस्व विभाग का अमला जांच करने जिन स्थानों पर पहुंचा उनमें कमानी दरवाजे के पास स्थित किराये के मकान में संचालित गोदाम, पुरानी शक्ती टाकीज के सामने वाला गोदाम एवं टीम विधायक यादवेन्द्र सिंह के निवास के पीछे भी किराए के मकान में संचालित गोदाम की जांच करनी पहुंची, किन्तु वहां ताला पड़ा हुआ था। इतना ही नहीं इसके बाद पूरा अमला राजमहल पर भी पहुंचा जहां उन्होंने कोल्ड्रिंग के सेम्पल लेकर जांच के लिए भेजे हैं। टीम ने बताया है कि अधिकारियों के निर्देश पर सख्ती के साथ कार्यवाही को अंजाम दिया जा रहा है। जांच में किसी तरह की कोई भी लापरवाही सामने नहीं आने दी जाएगी।

### लोगों की सेहत से नहीं होगा खिलबाड़ : तहसीलदार



इस संबंध में जब तहसीलदार सत्येन्द्र सिंह गुर्जर से बात की गई, तो उन्होंने कहा कि शिकायतों के आधार पर जांच शुरू कराई गई है। खाद्य विभाग एवं राजस्व का अमला जांच करने में जुटा है। कार्यवाही के दौरान पूरी टीम ने तमाम गोदामों से कोल्ड्रिंग का सेम्पल लिया है जिसे जांच के लिए भेजा रहा है। जांच उपरांत ही आगे की कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि सीधा गोदाम सील करने का कोई नियम नहीं है, क्योंकि रजिस्ट्रेशन के आधार पर यह सामग्री बेची जा रही है, अगर रजिस्ट्रेशन में कोई गड़बड़ी होती तो निश्चित ही सील कर आगे की कार्यवाही की जाती, लेकिन लोगों की सेहत को ध्यान में रखते हुए सेम्पल लिए गए हैं जांच उपरांत कार्यवाही होगी। लोगों की सेहत से किसी तरह का खिलबाड़ नहीं होने देंगे।

## मोड़ पर अनियंत्रित होकर ट्रक नाले में गिरा



**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। टीकमगढ़-सागर हाईवे पर बीते दिन बड़ागांव के पास एक ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। यह हादसा नरौसा नाले के पास मोड़ पर बनी पुलिया के पास हुआ। बताया जा रहा है कि सामने से आ रही एक कार को बचाने के प्रयास में ट्रक पलटा। हादसे के वक्त ट्रक में सवार ड्राइवर और क्लीनर ने कूदकर अपनी जान बचाई।**

बड़ागांव थाना पुलिस के अनुसार, खेल ग्राउंड नरौसा नाले के पास यह घटना हुई। पुलिस ने बताया कि सामने से आ रही तेज रफ्तार कार को बचाने के प्रयास में ट्रक अनियंत्रित होकर मोड़ पर बनी खंती में गिर गया। इस दौरान ट्रक चालक और क्लीनर ने कूदकर अपनी जान बचा ली। हादसे में किसी अन्य व्यक्ति को चोट नहीं आई है। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। ट्रक ड्राइवर फरयाद खां ने बताया कि वह ग्वालियर से सागर की ओर प्लास्टिक के दाने लेकर जा रहा था। बड़ागांव के पास सामने से अचानक आई कार को बचाने के प्रयास में ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। पुलिस ने बताया कि हाईवे पर तेज रफ्तार वाहनों के कारण ऐसे हादसे अक्सर होते रहते हैं।

पुलिस फिलहाल पूरे मामले की जांच कर रही है। टीकमगढ़-सागर हाईवे पर बीते दिन बड़ागांव के पास एक ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। यह हादसा नरौसा नाले के पास मोड़ पर बनी पुलिया के पास हुआ। बताया जा रहा है कि सामने से आ रही एक कार को बचाने के प्रयास में ट्रक पलटा। हादसे के वक्त ट्रक में सवार ड्राइवर और क्लीनर ने कूदकर अपनी जान बचाई।

## खनिज विभाग की कार्रवाई ट्रैक्टर-ट्राली जब्त



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। कलेक्टर विवेक श्रोत्रीय के निर्देश के पालन में खनिज विभाग द्वारा पुन: अवैध मुरम उत्खनन परिवहन पर प्रभावी कार्रवाई की गई। टीकमगढ़ तहसील में ढोगा के समीप हनुमान सागर में एक ट्रैक्टर ट्राली एमपी 36 जेडडी 8597 में मुरम खनिज का बिना अनुमति अवैध परिवहन करते पाए जाने पर वाहन को मय खनिज जप्त कर पुलिस थाना देहात में रखा गया।**

जांच के समय वाहन चालक द्वारा खनिज परिवहन के संबंध में ई रॉयल्टी प्रस्तुत नहीं की गई एवं ट्रैक्टर ट्राली को भगाने का प्रयास किया गया। परंतु खनिक दल द्वारा शासकीय वाहन से ट्रैक्टर का रास्ता रोक कर ट्रैक्टर को पकड़ा गया। सहायक खनिज अधिकारी द्वारा बताया गया कि प्रकरण मध्य प्रदेश गौण खनिज नियम 1996 के प्रावधानों के अंतर्गत नियम अनुसार कलेक्टर महोदय के समक्ष जुर्माना हेतु प्रस्तुत किया जाएगा।

## नोडल अधिकारियों ने सुनी समस्याएं

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देशानुसार प्रशासन गांव की ओर योजना अंतर्गत नोडल अधिकारियों द्वारा अलग-अलग ग्राम पंचायतों में जनसुनवाई के दौरान आमजन से प्राप्त शिकायतों एवं समस्याओं को सुना गया। साथ ही समस्याओं के निराकरण हेतु संबंधित विभागों के अधिकारियों को प्रेषित किया गया। जनसुनवाई के दौरान जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा आबंटित की गई ग्राम पंचायतों में भ्रमण किया गया।**

जनसुनवाई के दौरान संबंधित अधिकारियों द्वारा द्वारा एमडीएम, छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति वितरण, समग्र-ईकेवाईसी की प्रगति, स्कूलों में शिक्षकों की उपस्थिति, ग्राम पंचायतों में सचिव,जीआरएस तथा नगरीय क्षेत्रों में वार्ड प्रभारी की उपस्थिति, पटवारी की उपस्थिति, शालाओं में बालिकाओं हेतु टॉयलेट, गाँव में टीकाकरण एवं आशा की उपस्थिति, 70 वर्ष से अधिक आयु के लोगों के आयुष्मान कार्ड की प्रगति, पीडीएस का निरीक्षण कर जानकारी ली गई तथा रिपोर्ट तैयार प्रस्तुत की गई।

## राष्ट्रीय मीन्स मेरिट परीक्षा में 17 बच्चों ने बाजी मारी

**नवभारत न्यूज पलेरा। मॉडल स्कूल पलेरा के विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय मीन्स कम मेरिट छात्रवृत्ति परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। 11 मार्च को घोषित हुए परीक्षा परिणाम में स्कूल के 17 छात्र-छात्राओं का चयन हुआ है, जो टीकमगढ़ जिले में किसी भी एक विद्यालय से चयनित होने वाली सर्वाधिक संख्या है। विदित हो कि यह प्रदेश स्तरीय परीक्षा 12 अक्टूबर 2025 को आयोजित की गई थी।**




जिसमें मॉडल स्कूल पलेरा के कक्षा 8वीं के अधिकांश विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया था। परिणामों ने यह स्पष्ट कर दिया कि सही मार्गदर्शन और कड़ी मेहनत से ग्रामीण स्तर के छात्र भी बड़ी सफलता हासिल कर सकते हैं।

इस शानदार उपलब्धि के पीछे विद्यालय के प्राचार्य कौशल किशोर राजपूत का कुशल नेतृत्व और शिक्षकों का समर्पित मार्गदर्शन रहा है। शिक्षकों द्वारा छात्रों को परीक्षा के महत्व, लाभ और पाठ्यक्रम के अनुसार तैयारी के लिए निरंतर दिशा-निर्देश दिए गए, जिसका सुखद परिणाम सबके सामने है।

## 14 मार्च को आयोजित होगी लोक अदालत

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार 14 मार्च को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत का व्यापक प्रचार-प्रसार आम-जन में करने हेतु प्रधान जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रवीणा व्यास द्वारा प्रचार वाहन एवं नगर पालिका की कचरा संग्रहण करने वाली गाडियों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया।**

इस दौरान श्रीमती प्रवीणा व्यास, प्रधान जिला न्यायाधीश,अध्यक्ष महोदया ने कहा कि नेषनल लोक अदालत में अधिक से अधिक राजीनामा योग्य प्रकरणों का निराकरण कर, लोक अदालत का सफल बनाये। लोक अदालत में राजीनामा करने करें है।

## कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कृषि योजना की हुई समीक्षा

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। आयुक्त मध्यप्रदेश राज्य रोजगार गारंटी परिषद भोपाल तथा पीएमडीडीकेवाई के स्टेट नोडल अधिकारी अवि प्रसाद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में प्रधानमन्त्री धन धान्य कृषि योजना के क्रियान्वयन के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय, एलडीएम कैलाश आर्या, डीडीए मनोज कश्यप, सहायक संचालक उद्यानिकी अजय रोहित सहित योजना से जुड़े हुए सभी विभागों के विभाग प्रमुख उपस्थित रहे।**




बैठक में पीएमडीडीकेवाई के स्टेट नोडल अधिकारी अवि प्रसाद ने कहा कि जिले में उत्पादित हो रही किसी एक फसल या पौधे को जिले की पहचान बनाने के लिये प्रयास करें। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी अधिकारी धन धान्य कृषि योजना के परिप्रेक्ष्य में अपने-अपने विभाग के लक्ष्यानुसार कार्य करें एवं प्राकृतिक खेती करने वाले किसानों का पंजीयन करायें। उन्होंने निर्देशित किया कि कृषि उत्पादकता बढ़ाने, फ़सल विविधीकरण को बढ़ावा देने, सिंचाई सुविधाओं में सुधार करने और किसानों को आसान ऋण उपलब्ध कराने पर ध्यान केंद्रित किया जाये। प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर नोडल अधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि योजना से संबंधित गतिविधियों की नियमित मॉनिटरिंग की जाए और प्रगति रिपोर्ट समय-समय पर प्रस्तुत की जाए। साथ ही किसानों को योजना की जानकारी देने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार करने पर भी जोर दिया गया, ताकि अधिक से अधिक किसान योजना का लाभ उठा सकें। उन्होंने कहा कि योजना के तहत किसानों को मिलने वाले लाभ समय पर उपलब्ध कराए जाएं तथा सभी कार्य निर्धारित समय सीमा में पूर्ण किए जाएं। इस दौरान कलेक्टर ने जिले में चल रहीं प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना बारे में जानकारी दी।

## श्रीराम नवमी पर्व की तैयारियां जोरों पर, आमंत्रण देना शुरू

**राम नवमी के पर्व को भव्य बनाने में जुटे रामभक्त**

**नगर में निकाली जा रही है शोभायात्रा**

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ। श्रीराम नवमी पर्व की तैयारियां जोर-शोर से शुरू हो गई हैं। श्री राम जन्मोत्सव परिवार द्वारा प्रभातफेरी निकाली जा रही है। इसी क्रम में बुधवार को राम भक्तों ने शिव धाम कुंडेश्वर पहुंचकर भगवान भोलेनाथ को श्री राम जन्म महोत्सव का आमंत्रण पत्र और धर्म ध्वजा अर्पित की। इससे पहले ओरछा पहुंचकर श्रीराम राजा सरकार को भी आमंत्रण पत्र और धर्म ध्वज सौंपा गया था।**



प्रभातफेरी के माध्यम से शहर के विभिन्न मोहल्लों में घर-घर आमंत्रण पत्र के साथ धर्म ध्वजा वितरण का कार्य शुरू होगा। श्रीराम जन्मोत्सव परिवार के सदस्यों ने बताया कि आज 12 मार्च से नगर के सभी वार्डों में यह वितरण अभियान चलाया जाएगा। श्रीराम जन्मोत्सव परिवार के सदस्यों ने बताया कि इस बार 27 मार्च को श्रीराम नवमीं बड़े ही धूमधाम से मनाई जाएगी। चैत्र नवरात्र के पहले दिन श्री रामराजा मंदिर परिसर नजरबाग में 1100 दीपक जलाए जाएंगे और भजन संध्या का आयोजन होगा। श्रद्धालुओं से अपने घरों में भी एक-एक दीपक जलाने का आग्रह किया गया है। 27 मार्च को श्री रामनवमी के दिन प्राचीन नजर बाग मंदिर में दोपहर 12 बजे भगवान श्री राम का जन्म महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। इसके बाद शाम 5 बजे से मंदिर से नगर में एक विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी। श्री रामनवमी पर्व की तैयारियां जोर-शोर से शुरू हो गई हैं। श्री राम जन्मोत्सव परिवार द्वारा प्रभातफेरी निकाली जा रही है। इसी क्रम में बुधवार को राम भक्तों ने शिव धाम कुंडेश्वर पहुंचकर भगवान भोलेनाथ को श्री राम जन्म महोत्सव का आमंत्रण पत्र और धर्म ध्वजा अर्पित की। इससे पहले ओरछा पहुंचकर श्रीराम राजा सरकार को भी आमंत्रण पत्र और धर्म ध्वज सौंपा गया था। 27 मार्च को श्री रामनवमी के दिन प्राचीन नजर बाग मंदिर में दोपहर 12 बजे भगवान श्री राम का जन्म महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। इसके बाद शाम 5 बजे से मंदिर से नगर में एक विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी।

**लापरवाही** — **घटिया निर्माण कर हो रहा भ्रष्टाचार**

# मापदंडों को दरकिनार कर बनाया जा रहा पंचायत में तालाब

**नवभारत न्यूज मोहनगढ़। जनपद पंचायत जतारा की ग्राम पंचायत वृषभानपुरा में बरसात का पानी भूमि के ऊपरी तल पर रुके और किसानों को पानी का लाभ हो इस उद्देश्य से लाखों रुपया का सरकारी धन खर्च कर तलैया निर्माण का कार्य किया गया, जो पूरी तरह अनुपयोगी और गुणवत्ता बताया जा रही है। उक्त तालाब निर्माण में जिम्मेदारों के द्वारा मापदण्ड को दरकिनार करते हुए गुणवत्ता विहीन निर्माण कराया गया है।**



ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पंचायत के सरपंच सचिव समेत उपयंत्री के द्वारा निर्माण कार्य मे किसी प्रकार के मापदंड के तहत निर्माण नही कराया गया है। साथ ही निर्माण कार्य के दौरान सीमेंट और कंक्रीट की जगह मिट्टी का भराव किया गया यहां तक की निर्माण कार्य में ब्राइब्रेटर और रोलर नही चलाया गया मशीनों से निर्माण कार्य कराया गया। तलैया निर्माण कार्य में ओवर फ्लो पानी की निकासी के लिए साइड में वेस्ट बीयर का निर्माण किया जाता है जो पूरी तरह से कमजोर है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि सरपंच सचिव की लापरवाही के कारण आने वाले समय मे तालाब फूटने की संभावना बनी हुई है। यह भी बताया गया है कि तालाब में ऊपर से पानी के साथ में मिट्टी आकर भर गई है। तालाब में मिट्टी भरने एवं तालाब से पानी रिसाव के कारण आगामी दिनों में स्थानीय किसानों को तालाब से पानी का लाभ नही मिल पाएगा। जबकि सरकार की मंशा है कि छोटे छोटे नाला में तालाब निर्माण कर स्थानीय किसानों के लिए सिंचाई का साधन बनाना है, लेकिन सरपंच सचिव के द्वारा सरकार की मंशा पर पानी फेरते हुए लाखों रुपए बंदरबांट करने में तुले हुए है। निर्धारित मापदंडों की अनदेखी कर निर्माण कार्य करवाया गया है, जिसको लेकर ग्रामीणों ने असंतोष व्याप्त है। जनपद पंचायत जतारा की ग्राम पंचायत वृषभानपुरा में बरसात का पानी भूपर्पटी पर रुके और किसानों को पानी का लाभ हो इस उद्देश्य से लाखों रुपया का सरकारी धन खर्च कर तलैया निर्माण का कार्य किया गया, जो पूरी तरह अनुपयोगी और गुणवत्ता बताया जा रही है। तालाब निर्माण में जिम्मेदारों के द्वारा मापदण्ड को दरकिनार करते हुए गुणवत्ता विहीन निर्माण कराया गया है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि सरपंच सचिव की लापरवाही के कारण आने वाले समय मे तालाब फूटने की संभावना बनी हुई है। यह भी बताया गया है कि तालाब में ऊपर से पानी के साथ में मिट्टी आकर भर गई है।

### गुणवत्ता सही नहीं हुई तो जांच कर कार्रवाई होगी

जनपद सीईओ मनीष कुमार सेंडे से बात की तो उनहोंने बताया कि ग्राम पंचायतो में चल रहे निर्माण कार्यों की गुणवत्ता अच्छी होनी चाहिए जिसका जनता को लाभ हो, यदि निर्माण कार्य की गुणवत्ता ठीक नहीं है तो इसकी जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

## बिल बकायादारों के खिलाफ कुर्की की कार्रवाई



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। बिजली बिल बकायादारों के खिलाफ विद्युत कंपनी ने कुर्की की कार्रवाई शुरू की है। बुधवार को बुडेरा क्षेत्र में चलाए गए अभियान के दौरान 40 मोटरसाइकिलें जब्त की गईं। इन पर लगभग 6.5 लाख** रुपये का बिजली बिल बकाया है।

बिजली कंपनी के अधीक्षण यंत्री अजमेर सिंह ने बताया कि मार्च वित्तीय वर्ष का अंतिम माह होने के कारण राजस्व वसूली के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत बकाया बिजली बिल न चुकाने वाले उपभोक्ताओं के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की गई।सहायक अभियंता विशाल तोमर के नेतृत्व में बुडेरा क्षेत्र में यह कुर्की अभियान चलाया गया। इस दौरान उन उपभोक्ताओं की 40 मोटरसाइकिलें जब्त की गईं, जिन्होंने लंबे समय से अपने बिजली बिलों का भुगतान नहीं किया था।बिजली कंपनी ने बताया कि संबंधित उपभोक्ताओं को पूर्व में कई बार बिल जमा करने के लिए नोटिस जारी किए गए थे। इसके बावजूद उन्होंने भुगतान को गंभीरता से नहीं लिया और लगातार बिजली का उपयोग करते रहे। इसी कारण विभाग को यह सख्त कदम उठाना पड़ा।

## सभी वार्डों में चलाया जा रहा स्वच्छता अभियान

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। नगर पालिका परिषद द्वारा शहर में स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जन जागरूकता अभियान चलाये जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत नगर के सभी वार्डों में जाकर नागरिकों को स्वच्छता से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दी जा रही हैं।**

अभियान के दौरान लोगों को घरों में 4 बिन प्रणाली के उपयोग के बारे में बताया गया, जिससे गीले, सूखे एवं अन्य प्रकार के कचरे को अलग-अलग संग्रहित किया जा सके। साथ ही नागरिकों को सिंगल यूज़ प्लास्टिक का उपयोग न करने के लिए प्रेरित किया गया और इसके दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त घरों में जैविक कचरे से खाद बनाने के लिए मटका खाद की प्रक्रिया भी समझाई गई, जिससे कचरे का सही तरीके से निस्तारण किया जा सके।